नगरायुक्त ने महाराणा प्रताप पार्क में व्यवस्थाएं देखी

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने अपर नगर आयुक्त के साथ नगर में नगर निगम द्वारा कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया।

जिसके अंतर्गत नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर के सफाई जोन-2 के मोहल्ला बहादुरगंज, खिरनीबाग व सफाई जोन-4 में नवादा इंदेपुर, जिला अस्पताल, बरेली मोड़ पर कराए जा रहे सैनिटाइजेशन के कार्य का मुआयना किया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त द्वारा सैनिटाइजेशन के कार्य को अपनी देखरेख में कराया गया।

नगर आयुक्त द्वारा नगर क्षेत्र के सफाई जोन-4 के मो0 रंगमहला में बने डीप ड्रेन नाले की जा रही सफाई के कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त ने अपनी देखरेख में सफाई के कार्य को कराया गया व संबंधित को

पार्क का निरीक्षण करते नगरायुक्त संतोष कुमार शर्मा

निर्देशित किया गया कि कोविड-19 के दृष्टिगत नगर में सफाई व्यवस्था के कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बढ़ती जाये।

नगर आयुक्त द्वारा नगर क्षेत्र के मेजबान होटल के पास बन रहे नवनिर्मित महाराणा प्रताप पार्क में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त द्वारा महाराणा प्रताप पार्क के निर्माण कार्य में बचे हुए कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कराए जाने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। नगर क्षेत्र के निगोही रोड पर बनने वाले वेंडिंग जोन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त एसके सिंह नगर स्वास्थ्य अधिकारी ओ0पी0 गौतम एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।